तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री


# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 9 जुलाई 2025



11 पौधा लगाकर उनकी देखभाल करना हर इंसान की...



12 श्रावण मास को लेकर श्री रामराज युवा संगठन सक्रिय
















**बारिश :** चार-पांच दिनों से हो रहीं लगातार बारिश से नदी व नाले उफान पर

# भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, ढोडगा नाला उफान पर, लोग जान जोखिम में डालकर कर रहे पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

आषाढ़ माह की समाप्ति और सावन के आगमन के साथ ही रसेला और आसपास के क्षेत्रों में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। जहां एक ओर यह बारिश सूखे पड़े खेतों के लिए राहत लेकर आई है, वहीं दूसरी ओर रसेला सहित पूरे क्षेत्र में जगह-जगह जल-जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। सड़कों पर पानी ही पानी दिखाई दे रहा है, और पिछले चार-पांच दिनों में सामान्य से कई गुना अधिक बारिश दर्ज की गई है। खेत-खलिहान पानी से लबालब हैं। इस भारी बारिश ने एक बार फिर शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के दावों को बेनकाब** कर दिया है। रसेला के करीब छुरा मार्ग पर स्थित ढोडगा नाला बाढ़ में डूब गया है, जिससे रसेला सहित दर्जनों गांवों के ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर नाला पार करने को मजबूर हैं। यह विडंबना है कि कई वर्षों के बाद भी ढोडगा नाला पर पुल का निर्माण नहीं हो पाया है, जो वोट लेने वाले जनप्रतिनिधियों की उदासीनता को दर्शाता है। वे केवल चुनाव के समय वोट मांगने आते हैं और उसके बाद विकास के कार्यों को भूल जाते हैं। यह बाढ़ग्रस्त ढोडगा ▶▶|शेष पेज 11 पर





### ग्रामीण व प्रतिनिधियों की चेतावनी, अब आर-पार की लड़ाई

क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य लेखराज ध्रुवा, जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, बिमला नागेश, नारायण सिन्हा, मिलंतिन कुंजाम और सरपंचगण रूपादेवी ठाकुर, विजय कृष्ण नागेश, तुलेश्वर ध्रुव, हेमलता नागेश, हेमलता ध्रुव, विश्वप्रताप, भोजराज नागेश ने बताया कि हर वर्ष बारिश के दिनों में रसेला अंचल के सैकड़ों गांव टापू में तब्दील हो जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि अब सब्र का बांध टूट गया है, और वे इस समस्या के समाधान के लिए अब आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं।

## सड़क तो मिली पर नदी में पुल नहीं

### आवागमन में मुश्किल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

आजादी के 70 साल बाद भी ग्राम पंचायत भुजियामुडा के आश्रित ग्राम रामपुर, भुजियामुडा तक पहुंचने के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क का निर्माण किया गया है। मगर गांव तक पहुंचने वाली बरनाला नदी पर आज तक पुल नहीं बना है जिससे बारिश के दिनों में आने जाने में बहुत परेशानी होती है। तथा बरसात के दिनों में बाढ़ आ जाने से आवागमन अवरूद्ध हो जाता है। बरसात भर भय की आंशका बनीं रहतीं हैं। बरसात के दिनों में इसी नाले पार करके बच्चे विद्यालय पढ़ने जाते हैं, जिससे दुर्घटना होने की भय बना रहता है। साथ ही साथ आपातकाल में सजिवनी 108 व महतारी 102 गाड़ी गांव तक नहीं पहुंच पाता, इस स्थिति में मरीजों को खाट में लिटाकर नाला पार कर वाहनों में ले जाया जाता है। मूख्य मार्ग मदनपुर से मेन सडक छुरा को जोड़ती है जो बरसात में आवागमन बंद हो जाता है। ग्राम पंचायत भुजियामुडा में राशन दुकान संचालित है जो बरसात के दिनों में 5-6 माह का चावल संग्रहण किया जाता है जो पहुंच विहीन ▶▶|शेष पेज 11 पर

## कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर बाढ़ की चपेट में, भक्त लक्ष्मण झूले से पहुंच रहे दर्शन को


हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

तीन नदियों का संगम स्थल राजिम में बाढ़ की धार बढ़ रही है। बाढ़ के इस धार से नदी के बीच में स्थित भोलेनाथ कुलेश्वर महादेव मंदिर चारो ओर से घिर गया है। बता दें कि जब-जब ऊपरी ईलाके में अच्छी बारिश होती है तो उसका असर राजिम तक पड़ता है। एक तरफ पैरी और सोढुल का पानी और दूसरी तरफ महानदी की धार तेजी के साथ राजिम में मिल रही है। मंदिर दर्शन करने वालो को अब लक्ष्मण झूला में चढ़कर जाना पड़ रहा है। लक्ष्मण झूला के बन जाने से अब बारिशकाल में भी महादेव के दर्शन के लिए किसी प्रकार से कोई



बाधा नही है वर्ना जब झूला नही बना था तो सैकड़ों वर्षों तक मंदिर के पुजारी और शिवभक्तों को नदी में बाढ़ के समय तट से ही पूजा आरती करना पड़ता था। आज की तारीख में तीनों नदी का दृश्य किसी समुद्र से कम नही लग रहा है। शिवभक्त राजिम पहुंचकर बहुत आसानी के साथ महादेव के दर्शन कर रहे है। यह बाढ़ इस बारिशकाल का पहला बाढ़ है। रवि, सोम को जिस तरह से पूरा दिन बारिश हुई लोग घरो में कैद रहे लेकिन मंगलवार को दोपहर बाद मौसम किंचित साफ हुआ तो मंदिरों में भक्तों की भीड़ दिखने लगी और सुनसान मार्केट में भी रौनकता आ गई।

## खबर संक्षेप



### महानदी पुल पर सुरक्षा पाइप चोरी, बढ़ रहा हादसों का खतरा

**नवापारा-राजिम।** नवापारा-मगरलोड मार्ग पर स्थित महानदी पुल पर सुरक्षा के लिए लगाए गए लोहे के पाइपों की लगातार हो रही चोरी ने चिंता बढ़ा दी है। चोर पुल के विभिन्न हिस्सों से इन पाइपों को निकालकर ले जा रहे हैं, जिससे पुल पर आने-जाने वालों, विशेषकर देर रात टहलने वालों और बच्चों के लिए गंभीर दुर्घटना का खतरा उत्पन्न हो गया है। यह पुल शहर के सोमवारी बाजार से सटा हुआ है, जहाँ देर रात तक लोग टहलने और वॉक करने आते हैं। ऐसे में रात के अंधेरे में बिना सुरक्षा घेरे वाले हिस्सों से कोई भी अनहोनी घट सकती है। पुल का यह हिस्सा नवापारा थाने के अधीन आता है, लेकिन विभागीय अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। सवाल यह उठता है कि आखिर चुराए गए इन पाइपों को कौन खरीदता है? यदि कबाड़ी या अन्य खरीदार चोरी के इन सामानों को खरीदना बंद कर दें, तो चोरों के हौसले पस्त हो सकते हैं और चोरी की घटनाओं पर लगाम लग सकती है। यह महत्वपूर्ण है कि खरीदने वाले भी विक्रेता से सामान की उत्पत्ति के बारे में पूछताछ करें। यदि इस चोरी को नहीं रोका गया, तो आशंका है कि धीरे-धीरे पुल के सभी सुरक्षा पाइप गायब हो सकते हैं, जिससे भविष्य में बड़े हादसे का अंदेशा है।

### वार्ड12 में बारिश का पानी भरा नागरिकों ने नपं से लगाई गुहार



**फिंगेश्वर।** नगर के 12 नंबर वार्ड में बारिश का पानी इस कदर भरा हुआ जो एक तालाब के रूप में नजर आ रहा है। इस जाम पानी को निकालने के लिए नगर पंचायत के द्वारा अभी तक किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं किया गया है जिसके चलते मच्छरों के पनपने एवं बिमारी फैलने का अंदेश प्रबल हो गया है। यह पानी शासकीय फणीकेश्वर नाथ महाविद्यालय के खेल मैदान मे भरा हुआ है। इस गंदे पानी के पास ही आई टी आई कालेज एवं कृशि महाविद्यालय है जिसके कारण छात्रें को खेलकूद करने मे कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है। नागरिकों का कहना है कि इस पानी को आईटीआई कालेज के पास नाली बनाकर सीधे नहर तक ले जाने पर पानी निकासी सुगमता से हो सकता है और यह परेशानी खत्म हो सकती है।इस जाम पानी के आसपास रहने वाले नागरिकों ने बताया कि इस पानी के वजह से जो बीमारी फैलेगी वह तो सही है लेकिन घरो मे जीव जंतू के घुसने का अंदेशा बना रहता है अतः नगर पंचायत इस बारिश के पानी को निकालने का शीघ्र पहल करे उक्त गोहार छात्रों के साथ वार्ड के नागरिकों ने लगाई है।

## नवोदय में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

**गरियाबंद।** जवाहर नवोदय विद्यालय पाण्डुका में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश परीक्षा के फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई है। इस संबंध में, जिला शिक्षा अधिकारी एक. सारस्वत के निर्देशानुसार और संकुल प्राचार्य बी. देवांगन के मार्गदर्शन में, संकुल केंद्र अतरमरा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा ने संकुल केंद्र अतरमरा के अंतर्गत आने वाली सभी प्राथमिक शालाओं के नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा प्रभारी शिक्षकों की यह आवश्यक बैठक ली। बैठक में संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा ने उपस्थित सभी प्रभारी शिक्षकों को उच्च कार्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी संकुल से सभी बच्चों का नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा फॉर्म भरवाया जाए। इसके साथ ही, प्रत्येक दिन एक ▶▶|शेष पेज 11 पर

## कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों पर जताई नाराजगी, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उईके ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए उनकी प्रगति में तेजी लाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। कलेक्टर उईके ने जनदर्शन, जनचौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल, लोक संवाद, सीपी ग्राम सहित उच्च



कलेक्टर ने ली समय-सीमा की समीक्षा बैठक

कार्यालयों से प्राप्त लंबित प्रकरणों का नियत समय के भीतर निराकरण न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन जिला अधिकारियों ने समय-सीमा की बैठक में अनुपस्थिति दर्ज कराई है, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि समय-सीमा में दर्ज सभी प्रकरणों का तेजी से निराकरण सुनिश्चित किया जाए और आवेदनों की नियमित मॉनिटरिंग व ऑनलाइन अद्यतीकरण ▶▶|शेष पेज 11 पर

**नैनो डीएपी किसानों के लिए ठोस डीएपी उर्वरक का स्मार्ट विकल्प**

# डीएपी की कमी से निपटने के लिए नैनो डीएपी पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद


छत्तीसगढ़ सरकार खरीफ 2025 के दौरान रासायनिक उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए युद्धस्तर पर प्रयासरत है। डीएपी (डाई-अमोनियम फॉस्फेट) की संभावित कमी को देखते हुए, राज्य सरकार ने इसके व्यावहारिक विकल्प के रूप में नैनो डीएपी के भंडारण और वितरण की विशेष व्यवस्था की है। इसके साथ ही, एनपीके (नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटेशियम) और एसएसपी (सिंगल सुपर फास्फेट) जैसे वैकल्पिक उर्वरकों का भी लक्ष्य से अधिक मात्रा में भंडारण किया गया है। कृषि वैज्ञानिक किसानों को सलाह दे रहे हैं कि वे ठोस डीएपी की कमी को पूरा करने के लिए नैनो डीएपी, एनपीके और एसएसपी का उपयोग करें।

**नैनो डीएपी के उपयोग की विधि-** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों ने एक एकड़ धान की खेती के लिए नैनो डीएपी के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी है।धान की बुवाई से पहले एक एकड़ के लिए 30 किलो बीज को 150 मिली नैनो डीएपी को तीन लीटर पानी में घोलकर उपचारित करें। बीज को आधा घंटा छांव में सुखाने के बाद बुवाई करें। 50 लीटर पानी में 250 मिली नैनो डीएपी मिलाकर थरहा की जड़ों को आधा घंटा डुबोकर रखें, फिर रोपाई करें।

**खड़ी फसल पर छिड़काव-** फसल बुवाई के तीस दिन बाद 125 लीटर पानी में 250 मिली नैनो डीएपी घोलकर खड़ी फसल पर इसका छिड़काव करें। इससे फसलों को तुरंत पोषक तत्व मिल जाते हैं। यह स्प्रे के माध्यम से सीधे पौधों पर छिड़का जाता है, जिससे पोषक तत्वों का त्वरित अवशोषण होता है।

**सरकार का प्रयास भंडारण और जागरूकता-** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर राज्य शासन द्वारा किसानों को डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में नैनो डीएपी सहित अन्य वैकल्पिक उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण सहकारी समितियों में किया जा रहा है। इसके साथ ही, किसानों को नैनो डीएपी के उपयोग के लिए प्रशिक्षण और जागरूकता शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसलों के लिए नैनो डीएपी, एनपीके और एसएसपी जैसे वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग करें ताकि उन्हें बेहतर उपज मिल सके और लागत भी कम हो।

### नैनो डीएपी किफायती, प्रभावी और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प



नैनो डीएपी एक आधुनिक, किफायती और प्रभावशाली तरल उर्वरक है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के वैज्ञानिकों ने नैनो डीएपी का समर्थन करते हुए कहा है कि यह पारंपरिक डीएपी की तुलना में कहीं अधिक उपयोगी और पोषक तत्वों से भरपूर है। इसके उपयोग से खेती की लागत में कमी आती है, यह खेत में पोषण की कमी को प्रभावी ढंग से पूरा करता है, और उत्पादन की गुणवत्ता को भी बढ़ाता है। एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि नैनो डीएपी पर्यावरण के लिए सुरक्षित है।वैज्ञानिकों के अनुसार, एक एकड़ धान की फसल के लिए एक बोरी ठोस डीएपी का उपयोग होता है, जिसकी लागत 1350 आती है। वहीं, यदि एक एकड़ में 25 किलो ठोस डीएपी और 500 मिली नैनो डीएपी के मिश्रण का उपयोग किया जाए, तो इसकी लागत घटकर 1275 हो जाती है। यह दर्शाता है कि नैनो डीएपी आर्थिक रूप से भी किसानों के लिए फायदेमंद है।

## गायत्री शक्तिपीठ राजिम में 10 को मनाया जाएगा गुरुपूर्णिमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गायत्री शक्तिपीठ राजिम में 10 जुलाई को मुख्य प्रबंध ट्रस्टी एवं छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू की मौजूदगी में गुरूपूर्णिमा पर्व मनाया जाएगा। इस संबंध में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि गुरु का हमारे जीवन में बहुत बड़ी भूमिका है। गुरु अपने शिष्यों के अंदर छाए जन्म जन्मांतरों के कषाय कलमष को साफ कर हीरे जैसा निखार देता है। बस एक चीज की आवश्यकता होती है वह है समर्पण। गुरु पूर्णिमा पर हम अपने आपको गुरु को समर्पण कर उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लें। बताया कि 9 जुलाई बुधवार को सुबह 5 बजे से सायं 5 बजे तक अखंड जप किया जाएगा जिसमें परिजन पारी-पारी से जप करेंगे। 10 जुलाई गुरुपूर्णिमा को सुबह 9 बजे से पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न होगा जिसमें विभिन्न संस्कार निःशुल्क कराए जाएंगे। 12 बजे से गुरु पूर्णिमा महापर्व पर के के विनोद दुर्ग ,ब्रम्हाकुमारी पुष्पा बहन ,मुकेश अदलखा का विशेष उदबोधन होगा।

## खबर संक्षेप

### कैबिनेट की बैठक 11 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र से पहले 11 जुलाई को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक बुलाई गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय में होने वाली बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लग सकती है। बताया जाता है कि सत्र के दौरान पेश किए जाने वाले विधेयकों को मंजूरी दी जाएगी।

### यशवंत को खेल एवं युवा कल्याण का अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी यशंवत कुमार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। पूर्व में यह प्रभार हिमशिखर गुप्ता के पास था। श्री गुप्ता के शेष प्रभार यथावत रहेंगे। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग के पत्र के अनुक्रम में यशवंत कुमार को यह अतिरिक्त प्रभार सौंपा जा रहा है। वर्तमान में वे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में भी सेवाएं दे रहे हैं, यह प्रभार उनके पास रहेगा।

### जारी की जाए प्राचार्यों की संशोधित पदोन्नति सूची



**रायपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग के पदोन्नति भर्ती नियम में संशोधन के लिए विभिन्न जिलों के लगभग 200 व्याख्याता लोक शिक्षण संचालनालय में एकजुट हुए। उन्होंने प्रधान पाठक पद पर वरिष्ठता प्रदान कर प्राचार्य पद की संशोधित पदोन्नति सूची जारी करने की मांग की। व्याख्याताओं ने कहा, प्रदेश के सैकड़ों व्याख्याता शिक्षक वरिष्ठ होते हुए भी पदोन्नति से वंचित हो रहे हैं। शिक्षा सचिव ने इस पर विचार करने का आश्वासन दिया है।

### ट्रेड यूनियनों की मशाल रैली आज

**रायपुर।** श्रम संहिता को वापस लेने की मांग को लेकर 9 जुलाई को आयोजित देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के आव्हान पर 8 जुलाई को मशाल रैली निकाली जाएगी। आम जनता को एकजुट यह रैली राजधानी में शाम छह बजे से कर्मचारी भवन सप्रे स्कूल से प्रारंभ होकर निगम कार्यालय, छोटापारा, कोतवाली, बिजली आफिस चौक से वापस सप्रे स्कूल पहुंचकर सभा में तब्दील होगी ।

### खारुन किनारे विसर्जन कुंड के पास किया पौधारोपण



रायपुर। अपने माता-पिता की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ के शुभ अवसर पर महामाया मंदिर के ज्योतिषी एवं भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला ने बरगद, पीपल आदि पौधारोपण किया। यह पौधारोपण पं. शुक्ला ने अपने माता-पिता के साथ पूरे परिवार द्वारा खारुन नदी के किनारे विसर्जन कुंड के पास किया गया एवं उसके सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड लगाकर सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है।

### बैकुंठ धाम के सामने कचरे का ढेर, बदबू ने बढ़ाई परेशानी



**रायपुर।** कोटा रोड स्थित बैकुंठ धाम के सामने अवैध रूप से कचरा संग्रहण किया जा रहा है, जिसके कारण आवागमन करने वालों को भारी बदबू का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित लोगों ने बताया कि सामने हनुमान मंदिर है, वहां तक आने वाली बदबू के कारण मंदिर में पूजा करना और मंदिर में पंडित का बैठना भी मुश्किल हो रहा है। साथ ही मंदिर आने-जाने वाले लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रहीं हैं। उन्होंने बताया कि पहले यहां पर आसपास के लोग योगाभ्यास करते थे, लेकिन आज यहां पर उठना-बैठना तक दूभर हो गया है।

# 5 लाख से ज्यादा महिलाएं हर महीने हो रहीं लाभान्वित, इनमें 1 लाख से ज्यादा धरसींवा-2 क्षेत्र की हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने 5 लाख से ज्यादा महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। इन सभी महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपए का भुगतान किया जाता है।

जिले में सबसे ज्यादा लाभान्वित होने वाले क्षेत्र में धरसींवा-2 है, जहां एक लाख से अधिक हितग्राही इस योजना का लाभ उठा रही हैं। दूसरे नंबर पर तिल्दा क्षेत्र है, जहां 86 हजार से ज्यादा महिलाएं योजना का लाभ ले रही हैं। आरंग क्षेत्र में हितग्राहियों की संख्या सबसे कम है, यहां लगभग 39 हजार महिलाएं ही योजना से जुड़ी हैं। इसके अलावा अभनपुर में 71744, धरसींवा-1 में 57 हजार, मंदिर हसौद 72 हजार, रायपुर शहर-1 में 55 हजार एवं शहर-2 में 43 हजार महिला हितग्राहियों को प्रति माह एक हजार रुपए मिल रहा है।




रायपुर जिले में लाख से ज्यादा महिलाएं महतारी वंदन योजना में शामिल

### ग्रामीण की तुलना में शहरी क्षेत्र में ज्यादा हितग्राही

महिला एवं बाल विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वित होने वाली पात्र महिलाओं में ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों की संख्या ज्यादा है। ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी संख्या 2 लाख 65 हजार 449 है, वहीं शहरी क्षेत्र में 2 लाख 70 हजार 401 है। इस तरह शहरी क्षेत्र में लगभग 5 हजार महिलाएं हैं, जो इस योजना का लाभ ले रही हैं।

### सैकड़ों महिलाएं कतार में बहुतों के आवेदन लंबित

सूत्रों के अनुसार महतारी वंदन योजना के तहत अभी भी सैकड़ों की संख्या में आवेदन विभाग में लंबित हैं। बताया जा रहा है कि लंबित आवेदनों में ज्यादातर पहले चरण के बाद किए गए हैं, इसलिए इन आवेदनों को अभी लंबित रखा गया है।

इधर मृत्यु होने के बाद उसके परिजन तथा अपात्र सहित लगभग ढाई हजार हितग्रातियों के खातों में ट्रांसफर हो रही राशि को बंद कराया गया है। विभाग की जांच और भौतिक सत्यापन में इसका पता चला था। करीब 45 से 50 महिलाएं ऐसी भी हैं, जिन्होंने योजना का लाभ लेने आवेदन किया था, लेकिन कुछ महीनों के बाद स्वेच्छा से त्यागकर लाभ लेना बंद कर दिया है।

### पीएसी और कांग्रेस कार्यकारिणी की खड़गे एवं वेणुगोपाल ने ली बैठक

# कांग्रेस में 30 सितंबर तक जिला, ब्लॉक और मंडल स्तर पर होंगी नियुक्तियां

आगामी चार माह के कामकाज की रूपरेखा तय की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रदेश कांग्रेस की दो महत्वपूर्ण बैठकें लीं। पहली बैठक वरिष्ठ नेताओं की प्रदेश पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की तथा दूसरी बैठक प्रदेश कांग्रेस कार्यकारणी की विस्तारित बैठक हुई। बैठक में यह तय किया गया कि जिला, ब्लॉक और मंडल स्तर पर नियुक्तियां दो माह में पूरी कर ली जाएं।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जनसभा के बाद वहां से सीधे राजीव भवन पहुंचे। वहां पर पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में प्रदेश कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों और नेताओं से चर्चा के दौरान संगठन के कामकाज के संबंध में जाना। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में नेताओं को एकजुट रहकर काम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, भाजपा हमारे नेताओं पर झूठे आरोप लगाकर जेल भेजने की कोशिश कर रही है। उनके प्रयासों को सफल नहीं होने देना है। एकजुटता से इसका जमकर विरोध करें।




### सभी नियुक्तियों को करें पूरा

इन बैठकों में प्रदेश कांग्रेस के कार्यों, आंदोलनों की समीक्षा की गई तथा आने वाले 4 महीने में पार्टी के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय हुई। 30 सितंबर तक पार्टी की जिला, ब्लॉक, मंडल स्तर तक सभी नियुक्तियों को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया।

**ब्लॉक कांग्रेस की बढ़ेगी संख्या**

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आने वाले कुछ संगठनात्मक जिलों एवं ब्लाकों को जनसंख्या के अनुपात व भौगोलिक दृष्टिकोण के अनुसार विस्तृत क्षेत्रफल होने के कारण उन जिला एवं ब्लॉकों का पुनर्गठन कर जिला, ब्लॉक बढ़ाये जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### बैठक का प्रमुख एजेण्डा

राज्य एवं केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर षड़यंत्रपूर्वक व दुर्भावनावश कांग्रेस नेताओं पर झूठे आरोप लगातार उन्हें जेल भेजा जा रहा है, तद्संबंध में चर्चा, राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बस्तर के संसाधन, लौह अयस्कों एवं सरगुजा संभाग के हसदेव अरण्य तथा रायगढ़ जिले के तमनार में गरीब आदिवासियों के जल, जंगल, जमीनों पर कब्जा कर एवं जंगल कटाई कर खनिज संसाधनों के दोहन करने के लिए अपने चहेते उद्योगपतियों को दिया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध नहीं कराने से किसानों में आक्रोश, युक्तियुक्तकरण के तहत 10463 स्कूलों को बंद किये जाने के एजेंडे पर चर्चा की गई।

### वनों की कटाई पर आंदोलन

तमनार के वन कटाई क्षेत्र के प्रभावितों के प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिलकर वस्तुस्थिति की जानकारी दी। प्रदेश कांग्रेस इस मामले में जनआंदोलन छेड़ेगी।

### ये थे मौजूद

बैठक में एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, एआईसीसी महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, गुरदीप सिंह सप्पल, प्रणव झा, नवीन शर्मा, एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी एसए संपत कुमार, जरिता लैतफलांग, सहप्रभारी विजय जांगिड़, एआईसीसी सचिव राजेश तिवारी, देवेन्द्र यादव, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, सांसद ज्योत्सना महंत, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, मोहमद अकबर, डॉ. शिवकुमार डहरिया, मोहन मरकाम, अनिला भेड़िया, जयसिंह अग्रवाल, धनेन्द्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, गुरू रूद्र कुमार, उमेश पटेल, अमरजीत भगत, अमितेष शुक्ल, पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा, अरूण वोरा, विकास उपाध्याय, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, एनएसयूआई अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, सेवादल प्रमुख अरूण ताम्रकार, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला उपस्थित थे।

# बलरामपुर में जमकर बरसे बेमेतरा बारिश को तरसा

- राज्यभर में खेती किसानी हुई तेज
- जून से अब तक 291.9 मिमी वर्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस समय राज्य के कई जिलों में उम्मीद से अधिक बारिश हो रही है, दूसरी ओर कुछ जिलों में लोग बारिश के इंतजार में हैं। हालांकि इस बीच राज्यभर में खेती किसानी की गतिविधियां शुरू हो गई हैं। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 291.9 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 447.8 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 113.7 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

### जिलेवार बारिश का हाल

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगुजा में 244.9 मि.मी., सूरजपुर में 394.7 मि.मी., जशपुर में 410.2 मि.मी., कोरिया में 371.0 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 281.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर जिले में 192.5 मि.मी., बलौदाबाजार में 259.0 मि.मी., गरियाबंद में 230.4 मि.मी., महासमुंद में 249.3 मि.मी. और धमतरी में 233.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर में 276.0 मि.मी., मुंगेली में 318.5 मि.मी., रायगढ़ में 426.9 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 316.0 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 385.8 मि.मी., सक्ती में 323.3 मि.मी. कोरबा में 394.5 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 286.7 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड हुई है। दुर्ग जिले में 144.7 मि.मी., कबीरधाम में 195.7 मि.मी., राजनांदगांव में 140.9 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 353.2 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 160.8 मि.मी., बालोद में 198.9 मि.मी. और बस्तर जिले में 431.0 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड हुई है। कोंडागांव में 248.5 मि.मी., कांकेर में 306.8 मि.मी., नारायणपुर में 304.9 मि.मी., दंतेवाड़ा में 385.0 मि.मी., सुकमा में 192.9 मि.मी. और बीजापुर में 412.7 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

# कबीरधाम कलेक्टर ने खेद जताया, आंदोलन स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कबीरधाम जिले के कलेक्टर द्वारा एक कर्मचारी से उठक बैठक कराए जाने के मामले में खेद जताने के बाद आक्रोशित शासकीय कर्मियों ने आंदोलन स्थगित कर दिया है।

पिछले दिनों ये मामला सामने आने के बाद कबीरधाम कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा कर्मचारियों के साथ किए गए सार्वजनिक दुर्व्यवहार के विरोध में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने प्रदेश के समस्त जिलों में विरोध स्वरूप मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। फेडरेशन ने सरकार से मांग की थी कि उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उच्च स्तरीय जांच कराई जाए एवं संबंधित के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए।

फेडरेशन ने इस संबंध में जारी बयान में कहा है कि फेडरेशन के जिला संयोजक प्रताप चंद्रवंशी एवं प्रतिनिधिमंडल के साथ सार्वजनिक रूप से चर्चा करते हुए फेडरेशन के प्रति अपनी बात स्पष्ट की गई तथा खेद प्रकट किया गया। कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल को यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होगी। इस घटनाक्रम के बाद फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, जीआर चंद्रा, रोहित तिवारी एवं संजय सिंह ठाकुर ने संयुक्त रूप से यह घोषणा की है कि चूंकि कलेक्टर द्वारा खेद व्यक्त कर लिया गया है, इसलिए इस प्रकरण के विरोध में प्रस्तावित आगामी चरण के आंदोलन को स्थगित किया जाता है।



- कर्मी से कराई थी उठक बैठक
- फेडरेशन ने आंदोलन की चेतावनी दी थी

# नए नियमों से बिल्डरों पर कसेगा शिकंजा, अवैध प्लाटिंग पर लगेगी रोक, बेचकर भी किसान-खरीदार का रहेगा पार्टनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने के लिए नया कानून लाया गया है। इसके तहत कई नए नियम लागू किए गए हैं। इन नियमों से बिल्डरों पर शिकंजा भी कसेगा। इन नियमों के लागू होने के बाद कोई भी अवैध प्लाटिंग कर नहीं पाएगा। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का प्रावधान रहेगा। अब तक देखा गया है कि बिल्डर किसी भी किसान की जमीन कम दर पर खरीदकर वहां कालोनी या फिर अन्य प्रोजेक्ट लाकर उस जमीन के जरिए जमकर मुनाफा कमाता है, लेकिन नए नियम के तहत जमीन बेचने के बाद किसान का जमीन पर हक जरूर नहीं रहेगा, लेकिन उस जमीन पर अगर कोई कालोनी या प्रोजेक्ट संबंधी कोई प्रस्ताव बिल्डर बनाता है, तो इसके लिए पहले उसे संबंधित जमीन के किसान से भी सहमति लेनी होगी। उसकी सहमति के साथ बिल्डर को उस जमीन पर नया कार्य शुरू करने की अनुमति मिल पाएगी। इस तरह अपनी जमीन बेचने के बाद भी किसान उस जमीन के खरीदार का पार्टनर की तरह जुड़ा रहेगा, जिससे उसे लाभ भी मिलेगा।




### किसानों को भी मिलेगा फायदा

नए नियमों से कृषि भूमि बेचने वाले किसानों को भी फायदा होगा। जमीन बेचने के बाद भी एक प्रकार से वे खरीदार या बिल्डर के पार्टनर की तरह होंगे, क्योंकि उस जमीन पर कोई भी कालोनी का निर्माण या प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए उनकी सहमति वाले आवेदन को ही अनुमति मिलेगी। इससे जमीन बेचने के बाद भी किसान को भी लाभ मिलेगा।

- विनीत नायर, उप संचालक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग रायपुर

### दावा-आपत्ति, सुझाव का अंतिम दिन आज

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट ने छत्तीसगढ़ किफायती जन आवास नियम 2025 के तहत प्लाटिंग करने के नियमों में बदलाव किया है। इस संबंध में दो सप्ताह पहले अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इन नियमों को पूरे राज्य में लागू किया जाना है। रायपुर जिले में इसे लागू करने के लिए दावा-आपत्ति एवं सुझाव भी मंगाए गए थे, जिसका मंगलवार को अंतिम दिन है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार नए नियमों के लिए दावा-आपत्तियों के साथ कुछ सुझाव भी आए हैं। उनका कहना है कि अंतिम दिन के बाद ही वे बता पाएंगे कि कुल आपत्ति एवं सुझाव कितने आए हैं। अधिकारियों का यह भी कहना है, आपत्तियों का निराकरण एवं सुझाव पर विचार शासन स्तर पर किया जाएगा। इसके बाद ही नए नियम लागू किए जाएंगे।

### दूसरे जिलों से भी मंगाई गई है दावा-आपत्ति व सुझाव

सूत्रों के अनुसार विभाग द्वारा जारी की गई अधिसूचना के तहत दूसरे जिलों में भी दावा-आपत्ति एवं सुझाव मांगे गए हैं। इन सभी जिलों से आपत्ति एवं सुझाव आने के बाद इनका परीक्षण किया जाएगा, जो आपत्तियां सही होंगी, उनका निराकरण भी किया जाएगा।

### नए कानून में इन नियमों का करना होगा पालन

प्लाटिंग करने वालों को कलेक्टर गाइडलाइन के मुताबिक शुल्क अदा करना होगा, जिससे सरकार का राजस्व बढ़ेगा। साथ ही कृषि जमीन पर अवैध प्लाटिंग का काम बंद भी हो जाएगा। अभी तक बिल्डर या भू-माफिया कोई भी कृषि भूमि को क्रय करने के बाद प्लॉट काटना शुरू कर देते थे, लेकिन नए नियम के तहत प्लाटिंग अब दो एकड़ से कम जमीन पर नहीं की जा सकेगी। इसकी अनुमति नहीं होगी।

### प्लाटिंग से पहले से पूरा प्लान शो करना होगा

अब तक देखा जाता है कि कई बिल्डर प्लॉट काटने के बाद तय करते थे कि उसकी कुल जमीन में कौन से हिस्से में कौन सा निर्माण करना है, लेकिन नए नियम के तहत अब प्लॉट काटने से पहले अपने पूरे प्लान को शो करना होगा कि कौन से क्षेत्र में सड़क, व्यावसायिक काम्पलेक्स, गॉर्डन या अन्य का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा बाउंड्रीवॉल बनाकर वहां बोर्ड भी लगाना होगा।

### शहरभर से 3242 लोगों ने नाली जाम और नाला सफाई की समस्या बताई

# निदान 1100 में 1 माह में 7 हजार से ज्यादा कॉल सबसे ज्यादा शिकायतें नाला-नाली सफाई की

कूड़ा निपटान की शिकायत दूसरे नंबर पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आम जनता की समस्या का त्वरित निदान करने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा खोले गये निदान 1100 में शिकायतों का अंबार है। सबसे ज्यादा शिकायतें नाला-नालियों की सफाई और कूड़ा के निपटान को लेकर मिली है।

पिछले एक माह में सबसे ज्यादा नाला-नालियों को लेकर शिकायतें लोगों ने खुलकर कीं। शहरभर से 3,242 कॉल नाला और नाली में गंदे पानी की निकासी को लेकर दर्ज कराई, शिकायतों की फेहरिस्त में दूसरा कूड़ा निपटान में कोताही को लेकर लोगों ने की। वहीं जल आपूर्ति की समस्या भी लोगों के लिए परेशानी का कारण रही। इसके लिए शहर के अलग-अलग इलाकों से 536 लोगों ने कॉल कर जल विभाग से पानी की किल्लत दूर करने मदद मांगी। कुल मिलाकर लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही। शहरवासियों की निगम से जुड़ी समस्या का त्वरित निवारण करने महात्मा गांधी सदन में ऑनलाइन शिकायत प्रणाली निदान 1100 की व्यवस्था नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने की है। इस सेंटर में शहर के किसी भी इलाके से लोग घर बैठे अपनी समस्या फोन पर 24 घंटे ऑनलाइन बता सकते हैं। जनशिकायत की ऑनलाइन निवारण प्रणाली के तहत लोगों से प्राप्त शिकायतों को संबंधित सेंटर से सीधे उस जोन के विभागीय अधिकारी के पास भेजने की व्यवस्था है। इसके बाद भी लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही। 6 जून 2025 से 6 जुलाई 2025 तक निदान 1100 में अलग-अलग जगहों से 7,499 लोगों ने कॉल कर ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कराईं। इसमें से 6,659 शिकायतों का समय रहते निराकरण किया गया,जबकि 840 शिकायतें अभी भी लंबित हैं।




### विभागवार प्राप्त शिकायतों पर एक नजर

| | |
|---|---|
| नाला और नाली सफाई | 3,242 |
| सालिड वेस्ट मैनेजमेंट | 1,395 |
| जल आपूर्ति | 596 |
| मृत पशु उठाने से संबंधित | 166 |
| डोर टू डोर कचरा कलेक्शन | 478 |
| गाय व कुत्ता पकड़ने | 258 |
| फागिंग | 161 |
| भवन अनुमति | 65 |
| स्ट्रीट लाइट | 425 |
| सीवर लाइन | 42 |

इसके अलावा फायर, पाल्यूशन, लोक निर्माण, पेंशन, प्राइवेट सेप्टिक टैंक और राशनकार्ड के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुईं।

## युवा रत्न सम्मान के लिए आवेदन आमंत्रित

**गरियाबंद।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वार युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिये सम्मानित करने और उनमें एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से ''युवा रत्न सम्मान'' योजना इस वर्ष 2025-26 से लागू की गई है। इस योजनांतर्गत व्यक्तियों, संगठनों के योगदान को प्रोत्साहित करने मान्यता देने एवं प्रतिष्ठा मंडित करने के उद्देश्य से राज्य शासन ने इस क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों, संगठनों को युवा रत्न सम्मान प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। खेल विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार इस योजना में विभिन्न क्षेत्र जैसे- असाधारण एवं विशिष्ट सेवा कार्य (पुस्कार राशि 2लाख 50 हजार रूपये एवं 05 लाख रूपये) 01 युवा तथा 01 स्वैच्छिक संगठन, समाजिक, साहित्य, उद्योग, शिक्षा, खेल, पर्यावरण क्षेत्र, युवा रत्न सम्मान (महिला एवं बाल विकास), युवा रत्न सम्मान (मीडिया), युवा रत्न सम्मान (स्वास्थ्य), युवा रत्न सम्मान (विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी), युवा रत्न सम्मान (दिव्यांजन), युवा रत्न सम्मान (कला एवं संगीत) एवं युवा रत्न सम्मान (लोककला) में सम्मान किया जायेगा। जिसमें प्रत्येक क्षेत्र में 01 युवा को 01 लाख रूपये पुरस्कार राशि के साथ पदक, एक प्रमाण पत्र, एक शॉल प्रदान की जायेगी। युवा रत्न सम्मान (महिला एवं बाल विकास) के पुरस्कार में केवल महिलाओं, बालिकाओं को ही प्रदाय की जाएगी। एक श्रेणी का युवा रत्ना सम्मान, किसी व्यक्ति संगठन, संस्था को एक से अधिक बार नहीं दिया जाएगा। इस सम्मान के लिए छत्तीसगढ़ का मूल निवासी तथा आयु 15 से 29 वर्ष (जिस वित्तीय वर्ष के लिए पुरस्कार प्रदान किया जाना है, उसके 01 अप्रैल को उसकी आयु 15 वर्ष पूर्ण तथा 31 मार्च में आयु 29 वर्ष से कम होना चाहिए) के बीच होना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### पिताजी के जन्मदिवस पर शिक्षिका ने करवाया न्योता भोज

**राजिम।** शासकीय पूर्व माध्यमिक बालक शाला में मंगलवार को प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना के तहत सेजेस राजिम स्कूल में पदस्थ व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ द्वारा अपने पिताजी के जन्मदिवस के अवसर पर न्योता भोज कराया गया। भोज कार्यक्रम में प्राचार्य संजय एक्का, बी एल ध्रुव, सागर शर्मा ,अजय गोस्वामी,एन एल साहू, कंचन शर्मा, एन आर साहू, राकेश साहू, संतोष सूर्यवंशी, कमल सोनकर, मधु गुप्ता, अंजू मार्कण्डे, राकेश ठाकुर सहित स्कूल के बच्चे शामिल थे जिन्होने भोजन ग्रहण किया। खास बात यह है कि कोई भी स्कूलो में कोई भी व्यक्ति बच्चों को मध्यान्ह भोजन करा सकता है। भोज कार्यक्रम को आयोजित करने वाली शिक्षिका समीक्षा गायकवाड़ ने बताया कि न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है।

### कठपुतली सरकार की जनविरोधी शिक्षा नीति का सीधा परिणाम : साहू

**गरियाबंद।** कांग्रेस नेता राजेश साहू ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में शिक्षा का स्तर निरंतर गिरता जा रहा है, जो भाजपा की केंद्र समर्थित 'कटपुतली सरकार' की असफल एवं जनविरोधी शिक्षा नीति का सीधा परिणाम है। राजेश साहू ने आरोप लगाया कि युक्तिकरण की प्रक्रिया ने पूरे शिक्षा जगत को हिला कर रख दिया है। इससे न केवल शिक्षक बल्कि छात्र भी मानसिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं। सरकार ने नई शिक्षक भर्ती का वादा तो भुला ही दिया, साथ ही 2008 के सेटअप में छेड़छाड़ कर एक-एक शिक्षक के पद विद्यालयों से कम किए जा रहे हैं। इससे शिक्षकों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ा है और गुणवत्ता शिक्षा देना असंभव होता जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि दूसरी ओर प्राइवेट स्कूलों में फीस में मनमानी वृद्धि हो रही है और आरटीई (RTE) के तहत नामांकित बच्चों का शोषण खुलेआम जारी है। हैरानी की बात यह है कि अब तक किसी भी निजी स्कूल में निगरानी समिति का गठन नहीं किया गया है। न ही ड्रेस और किताबों की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, और शासन की ओर से फंड जारी नहीं होने की बात कहकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ा जा रहा है।

### जनदर्शन में मिले 30 आवेदन

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायते सुनी। कलेक्टर ने आज जनदर्शन में 30 लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम खुटगावं के गोवर्धन ने मुद्रा लोन दिलाने, ग्राम सुरसाबांधा की दिनेष्वरी साहू ने परित्यक्तता प्रमाण पत्र जारी करने, ग्राम हरदी के ओमप्रकाष ध्रुव ने बैंक से फर्जी तरीके से निकाले गये राषि को वापस दिलाने, ग्राम चिपरी के रेखराज सोनवानी ने कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास में प्रवेष दिलाने, ग्राम उर्तुली की महेष्वरी ने आधार कार्ड में नाम सुधरवाने, गरियाबंद के मिथलेष आडिल ने राषि भुगतान हेतु, कोपरा के दौलत साहू ने नौकरी से बिना कारण हटाये जाने, ग्राम पंचायत मेड़कीडबरी के सरपंच ने सचिव की नियुक्ति करने, गाड़ाघाट के रोहित ने पीएम आवास के संबंध में, पुणिता डोंगरे ने सफाई कर्मी को पुनः काम पर रखने, जनपद पंचायत छुरा की सभापति कंचन देवांगन ने अवैध रुप से रेत भंडारण करने के संबंध में, धवलपुर की आसबाई सिन्हा ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने, ग्राम दरलीपारा के योगेन्द्र सिन्हा ने प्रोत्साहन राषि प्रदान करने, ग्राम कुटेना के घनष्याम ने नल-जल योजना के तहत नल कनेक्षन लगाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किये है।

**पौधा रोपण :** स्काउट गाइड द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर जिला स्तरीय पौधा रोपण किया गया

# पौधा लगाकर उनकी देखभाल करना हर इंसान की नैतिक जिम्मेदारीः प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला धूमा में एक जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य अध्यक्ष एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव व राज्य सचिव कैलाश सोनी के मार्गदर्शन और निर्देशन में किया गया। स्थानीय स्तर पर, जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, जिला सचिव रोमन लाल साहू के मार्गदर्शन में, तथा डीओसी स्काउट आशीष साहू और डीओसी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय गीत और स्काउट प्रार्थना के साथ हुआ, जिसके बाद उपस्थित अतिथियों का स्कार्फ लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर, पूर्व जिला मुख्य आयुक्त डॉ. रामकुमार साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे प्रकृति के अनमोल उपहार हैं और इनके बिना जीवन असंभव है, क्योंकि ये हमें जीवित रहने के लिए आवश्यक ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। उन्होंने वृक्षारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण और संवर्धन पर भी जोर दिया।





**पौधे लगाएं, ऑक्सीजन की कमी नहीं होगी-** जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण बढ़ती गर्मी और बिगड़ते पर्यावरण संतुलन पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जितनी जरूरत हमें सांस लेने की है, उतनी ही आवश्यकता पेड़ लगाने की भी है। उन्होंने अपील की कि यदि सभी व्यक्ति पेड़-पौधे लगाकर उनका संरक्षण करें, तो ऑक्सीजन की कमी नहीं होगी। प्राचार्य वर्षा नेताम ने पेड़ों को वातावरण शुद्ध रखने वाला बताया और कहा कि वृक्ष लगाकर उनकी देखभाल करना हर इंसान की नैतिक जिम्मेदारी है। कवि एवं समाजसेवी नूतन साहू ने पौधा रोपण के संदर्भ में अपनी कविता से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शाला विकास समिति के सदस्य वीरेंद्र वर्मा ने भी पेड़ों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी को वृक्षारोपण करने का आह्वान किया।

#### ये रहे शामिल

कार्यक्रम के अंत में, उपस्थित अतिथियों द्वारा शाला परिसर में आंवला, पारिजात, गुलमोहर, आम, अमरूद आदि पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर प्रदीप जैन (समाजसेवी), ज्ञानचंद देशमुख (सदस्य शाला विकास समिति), लुकेश्वर प्रधान (ब्लॉक सचिव), धर्मेंद्र ठाकुर (सहसचिव), चैतन्य यदु (टेक्निकल प्रभारी), पूरन लाल साहू (जिला मीडिया प्रभारी), अंजू डेकर (डीटीसी गाइड), स्काउटर दुष्यंत वर्मा, गोपेश्वरी साहू, व्याख्याता क्रांति साहू, अशोक मानिकपुरी, आरपी यदु, स्वाति जैन, मुग्धा तिवारी, शारदा साहू, किरण शर्मा, इतिशा नागरची, गोपकुमार साहू, ललित गोयल, आनंद साहू, मेघनाथ साहू, सोहन साहू, पीके मारकंडे, तुलसी सोनकला, लोमश साहू और बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस व एनएसयुआई की जन न्याय पदयात्रा कल से मैनपुर से रायपुर तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार के आसफलता और बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मूलभूत बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए युवा कांग्रेस एवं एनएसयुआई द्वारा 10 जुलाई दिन गुरूवार से 16 जुलाई तक 07 दिवसीय पदयात्र का आयोजन किया गया है यह पदयात्र 137 किमी पैदल तय कर रायपुर पहुंचेगी। उक्त जानकारी देते हुए एनएसयुआई के प्रदेश सचिव चित्रंश ध्रुव एवं युवा कांग्रेस बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल ने पत्रकारो को बताया की छत्तीसगढ़ में जब से भाजपा की सरकार बनी है छात्र, किसान, मजदूर, व्यापारी, युवा सभी वर्ग के लोग परेशान और त्रस्त हो चूके है खेती किसानी के दिनो में किसानो को खाद नही मिल रहा है तो वहीं स्कूलो में बच्चों को अब तक पुस्तक का वितरण नही किया गया है। उन्होने आगे बताया प्रदेश में हो रहे अवैध रेत उत्खन्न के साथ 10463 स्कूलो को बंद किया जा रहा है गांवों के स्कूलो में शिक्षक नही है प्रदेश में शिक्षकों की भर्ती किया जाए और राशन वितरण में आम जनता को हो रही परेशानियों के कारण ग्रामीण दूरस्त वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है पूर्व की भांती राशन वितरण किया जाए एवं नये शराब दुकान के प्रस्ताव को तत्काल निरस्त किया जाए। इन मांगों के साथ ही बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के बिजली विहिन 126 पारा–टोला ग्रामो में बिजली लगाने झाकरपारा में सहकारिता बैंक खोलने, क्षेत्र के अस्पतालो में डॉक्टर की भर्ती करने, मैनपुर क्षेत्र के बहुचर्चित सलफ जलासय बांध को पूरा करने के साथ ही बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पिपरछेड़ी में महाविद्यालय खोलने के साथ पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल पुलिया बुनियादी सुविधाओं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर युवा कांग्रेस एवं एनएसयुआई द्वारा पदयात्र किया जायेगा।



एनएसयुआई प्रदेश सचिव चित्रंश ध्रुव एवं युवा कांग्रेस बिन्द्रानवागढ़ अध्यक्ष अमृत पटेल ने बताया क्षेत्र के समस्याओं के समाधान के लिए इस पदयात्र में शामिल होने के लिए कांग्रेस के प्रदेश स्तर के बड़े नेताओ को भी आमंत्रित किया गया है उन्होने क्षेत्र के सभी कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारियों सहित क्षेत्रवासियों से जन न्याय पदयात्रा में शामिल होने की अपील की है।

## लखपति महिला पहल पर राष्ट्रीय क्षेत्रीय कार्यशाला रायपुर में होगी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार अंतर्गत दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा लखपति दीदी बनाने की दिशा में विषय पर तीन दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 9 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक राजधानी रायपुर में आयोजित है। उक्त कार्यशाला में ग्रामीण क्षेत्रों की स्व- सहायता समूह सदस्यों को लखपति दीदी बनाने के विविध पहलुओं व आजीविका के विभिन्न आयामों पर विस्तृत विमर्श व मंथन किया जावेगा। विदित हो कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा नारी शक्ति को आत्मनिर्भर व स्वरोजगार से जोड़ने, आर्थिक रूप से अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से देश में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस सपने को मूर्त रूप प्रदान कर साकार करने का कार्य बखूबी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कर रहा है। इसी तारतम्य में यह राष्ट्रीय आयोजन जिसमे देशभर के 15 राज्य यथा मध्यप्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, झारखंड, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर, तेलंगाना, कर्नाटका, ओडिशा, हरियाणा, राजस्थान, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश जैसे राज्यो के आजीविका मिशन के मिशन संचालक सहित प्रतिनिधिगण प्रतिभाग करेंगें । साथ ही कार्यशाला में आजीविका क्षेत्र के कई विशेषज्ञ द्वारा अपने विचार साझा किये जायेंगे।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर एवं उद्यमशील बनाने हेतु विभिन्न रणनीतियों, सफल उदाहरणों और नीतियों, ग्रामीण आजीविका के अवसर, सामाजिक समावेशन, वित्तीय समावेशन, क्षमता विकास, उत्पादन, बाजार, वेल्यू चौन, उन्नत तकनीक इत्यादि पर व्यापक विचार-विमर्श करना है। कार्यशाला में देशभर से आए विकास विशेषज्ञों, स्वयं सहायता समूहों के, नीति निर्माताओं, बैंकिंग प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों की प्रतिभागिता रहेगी। साथ ही स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जावेगी।कार्यक्रम के अंतिम दिवस समस्त प्रतिभागियों द्वारा समुदाय अधारित प्रशिक्षण केंद्र, सेरीखेड़ी का भ्रमण किया जावेगा। जहाँ छत्तीसगढ़ की लखपति बन चुकी सफल दीदियों की प्रेरक कहानियाँ, उनके अनुभव, उनकी कहानी उन्ही की जुबानी सत्र का भी आयोजन किया जावेगा।

मैनपुर के दानीबांधा में हजरत सैय्यद दानीदाता शाह का उर्स पाक धूमधाम से मनाया गया

## बाबा के उर्स में रिमझिम बारिश के बावजूद उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से करीब 38 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम दानीबांधा में इस साल भी हजरत सैय्यद दानीदाता शाह रहमतुल्लाह अलैह का उर्स पाक मंगलवार को बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी धर्मों और संप्रदायों के हजारों श्रद्धालुओं ने चादर पेश कर बाबा साहब से अपने परिवार, क्षेत्र और देश-प्रदेश की सुख, शांति और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। यह उर्स पाक रिमझिम बारिश के बीच संपन्न हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। पाईकभांठा से एक शाही चादर शरीफ निकाली गई, जो शाम 4:36 बजे दरगाह शरीफ पहुंची। शाही चादर का दीदार करने और उसे बोसा देने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बाद कुलशरीफ की फातिहा पढ़ी गई और सलातो सलाम का नजराना पेश कर बाबा के दरगाह में शाही चादर चढ़ाई गई। मौलाना साहब ने देश में अमन, शांति और खुशहाली के लिए विशेष दुआ मांगी।



इस अवसर पर आम लंगर का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के कोने-कोने से पहुंचे मुस्लिम समाज सहित सभी धर्मों के लोगों ने हिस्सा लिया। बाबा को अपनी तरफ से चादर और फूल चढ़ाने के लिए भक्तों की इतनी भीड़ थी कि घंटों मशक्कत के बाद ही लोग दरगाह शरीफ के अंदर जा पाए। इस वर्ष के उर्स पाक में हजारों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचे थे, जिनमें पाईकभांठा, मैनपुर, नगरी, सिहावा, धमतरी, कांकेर, केशकाल, बस्तर, देवभोग, गरियाबंद, राजिम, छुरा, दुर्ग, आरंग और बिलासपुर के साथ-साथ प्रदेश के अन्य हिस्सों से आए लोग शामिल थे। दरगाह कमेटी द्वारा दोपहर और रात के भोजन के लिए आम लंगर की व्यवस्था की गई थी। मुस्लिम समुदाय द्वारा दरगाह शरीफ के चारों ओर भव्य और आकर्षक सजावट की गई थी। देर रात तक बाबा के दरगाह में चादर पेश करने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही।

## नवापारा-रायपुर रेल लाइन पर जल्द दौड़ेगी मेमू ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

**राजिम को 15 अगस्त को मिल सकती है बड़ी सौगात**

राजिम और आसपास के क्षेत्र के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आ रही है। नवापारा से रायपुर तक नई रेल लाइन का काम लगभग पूरा हो चुका है, और अब इस पर मेमू ट्रेन चलाने की पूरी तैयारी है। संभावना जताई जा रही है कि 15 अगस्त तक इस रेल सेवा का शुभारंभ हो सकता है, बशर्ते बारिश इसमें बाधा न बने। गौरतलब है कि एक सप्ताह पहले दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण कुमार नवापारा आए थे, जहाँ उन्होंने नवनिर्मित रेल लाइन पटरी का निरीक्षण किया। जानकारी के मुताबिक, गेज कन्वर्जन (मीटर गेज से ब्रॉड गेज में परिवर्तन) का काम पूरा हो चुका है। अब रेल संरक्षा आयुक्त (CRS) द्वारा



अंतिम निरीक्षण और अनुमति मिलने के बाद इस रेल खंड पर ट्रेन संचालन की शुरुआत कर दी जाएगी। रेलवे अधिकारियों ने बताया है कि नवापारा तक ट्रेन चलाने की तैयारियां जोरों पर हैं।

वर्तमान में, रायपुर से अभनपुर के बीच ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। आने वाले समय में यह सेवा नवापारा तक बढ़ा दी जाएगी, जिसका क्षेत्र के लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह उल्लेखनीय है कि इस नए रूट पर 31 मार्च को पहली बार रायपुर से अभनपुर के बीच ट्रेन चलाई गई थी, और इस खंड में हर माह लगभग एक हजार यात्री यात्रा कर रहे हैं। नवापारा तक ट्रेन सेवा शुरू होने के बाद यात्रियों की संख्या में कई गुना वृद्धि होने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों के लिए यह रेल सेवा बड़ी राहत साबित होगी, क्योंकि इससे क्षेत्रीय संपर्क को भी मजबूती मिलेगी और आवागमन में सुविधा होगी।

## सहकारिता दिवस पर पौधों का किया गया रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

सहकारिता दिवस पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजूलता हरित के द्वारा पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र सूर्यवंशी, वरिष्ट भाजपा नेता रामूराम साहू, पार्षद डॉ. हरिश हरित, पार्षद दीपक श्रीवास, सोसायटी अध्यक्ष अश्वनी विश्वकर्मा, भाजपा नेत्री सीमा ठाकुर,सोसायटी प्रबंधक मनोज साहू उपस्थित थे।



### पेज 9 के शेष...

#### भारी बारिश से...

नाला दो विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ता है, ऐसे में इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की नैतिक जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। हालांकि, रसेला की सरहद से लगे गांवों में विकास की किरणें आज तक नहीं पहुंच पाई हैं, जिसका जीता-जागता उदाहरण ढोडगा नाला है। रसेला से छुरा मार्ग पर उच्चस्तरीय पुल बनाने की मांग कई दशकों से की जा रही है, लेकिन जनप्रतिनिधियों या अधिकारियों में से किसी ने भी इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझा। ग्रामीणों की उम्मीदें महज एक सपना बनकर रह गई हैं, और सड़कें व पुल-पुलिया अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को मजबूर हैं।

**आवागमन ठप, जनजीवन प्रभावित-** लगातार हो रही बारिश के चलते कुडेरादादर, मुढ़ीपानी, रूवाड, मेडकीडबरी, दादरगांव नया, कोठीगांव, पंडरपानी गोंड, कनसिंघी, छुरा, सेम्हरा, टेगनाबासा सहित अनेक गांवों के लोगों का अपने घरों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। कुछ लोग जोखिम उठाकर तेज धार के बावजूद अपनी दोपहिया और चारपहिया वाहन चलाकर आगे निकल रहे हैं, जबकि स्कूटी और टीवीएस जैसे हल्के वाहन वाले लोग पानी को देखकर वापस लौट रहे हैं। यह मार्ग स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, सोसायटी, थाना, तहसील, जनपद, बैंक, एसडीएम कार्यालय, कृषि विभाग आदि महत्वपूर्ण स्थानों तक पहुंचने का एकमात्र जरिया है। इस क्षेत्र के व्यापारी थोक सामान खरीदने के लिए छुरा और रायपुर शहर जाने के लिए इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राएं भी पानी की तेज धार को पार करके अपने घर पहुंचने को विवश हैं।

#### सड़क तो मिली...

दुकान में आश्रित ग्राम रामपुर के हितग्राहियों को अपने राशन ले जाने संभव नहीं हो पाता और भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आज भी रामपुर और भुजिया मुडा के लोग पुल पुलिया के लिए तरस रहे हैं। किसानों को भी बीज, खाद और अन्य सामग्री के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के जनपद सदस्य, सरपंच, उपसरपंच, पंचगण और ग्रामवासियों ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर मंत्री, सांसद, विधायक से लेकर विभागीय अधिकारियों को गुहार भी लगाते रहे हैं, लेकिन उनकी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। उनसे सिर्फ आश्वासन ही मिला, बारिश में सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं और स्कूली बच्चों को होती है। अचानक रात में किसी की तबीयत बिगड़ जाता है तो अस्पताल पहुंचने तक मरीज़ को अपनी जान भी गंवानी पड़ती है। गांव के लोग पुल के कारण अनेक समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामवासियों ने बताया कि सरकार केवल विकास का ढोल पिट रहा है। उनके गांव तक आएं तो विकास की असलियत दिख जाएंगी।

#### नवोदय में...

कालखंड को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के नियमित अभ्यास के लिए समर्पित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने शिक्षकों से यह भी कहा कि वे नियमित रूप से पालकों से संपर्क करें और फॉर्म भरने के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे पालक का हस्ताक्षर, पासपोर्ट साइज फोटो, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि पूर्ण करवाएं। बच्चों को अभी से नियमित अभ्यास करने के लिए भी प्रेरित करने पर जोर दिया गया।

संकुल का गत वर्ष जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन- संकुल प्राचार्य बी. देवांगन और संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा ने बताया कि गत वर्ष अतरमरा संकुल से शासकीय प्राथमिक शाला रजनकटा के छात्र हैवीस साहू ने नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में पूरे गरियाबंद जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने इसे संकुल के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि बताया और उम्मीद जताई कि इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन को बरकरार रखा जाएगा।बैठक में संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा, नवोदय परीक्षा प्रभारी और नवाचारी शिक्षक चिरंजीव साहू, मानिक साहू, गौतम लाल साहू, रेणुका देवांगन, मीना ध्रुव, मुन्ना पटेल और नोहेश्वरी ध्रुव उपस्थित थे।

#### कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों...

भी सुनिश्चित किया जाए।

**नगरीय निकायों और आवारा पशुओं पर विशेष ध्यान-** बारिश के मौसम को देखते हुए कलेक्टर ने नगरीय निकाय के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नालियों और गलियों में जमा पानी को तत्काल प्रभाव से खाली कराया जाए। साथ ही, सड़कों पर घुमंतू मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवारा पशुओं को पकड़ने का नियमित अभियान चलाने के निर्देश दिए।

**किसानों के लिए खाद-बीज और वैकल्पिक उर्वरकों पर जोर-** कलेक्टर ने स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में **किसानों के लिए खाद-बीज के भंडारण और वितरण की जानकारी भी ली। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को खाद-बीज की उपलब्धता में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी केंद्रों पर आवश्यक मात्रा में खाद-बीज भंडारित कर नियमित वितरण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में सिंगल सुपर फास्फेट (एसएसपी) और एनपीके उर्वरक के बेहतर उपयोग के बारे में जागरूक किया जाए, क्योंकि जिले में इन वैकल्पिक उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण है। कलेक्टर ने कहा कि फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाए। सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों की सहकारी समितियों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। जहां खाद-बीज या उर्वरक की कमी है, वहां आसपास की समितियों से परिवहन कराकर उठाव सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि किसानों को परेशानी न हो।

**अन्य महत्वपूर्ण निर्देश और समीक्षा-** कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को सभी शासकीय और अर्धशासकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन और अन्य जनप्रतिनिधियों से प्राप्त आवेदनों, आरबी.सी 6-4 के तहत प्रकरणों की स्थिति, लंबित मुआवजा, अतिक्रमण और बेदखली पर हुई कार्यवाही की भी समीक्षा की।

कलेक्टर श्री उईके ने बताया कि सोमवार को गरियाबंद विकासखंड के ग्राम सढौली में **ब्लॉक प्लांटेशन किया गया। इसी तरह, 10 जुलाई को फिंगेश्वर के कौंदकेरा, 11 जुलाई को छुरा के रसेला, 12 जुलाई को मैनपुर विकासखंड के जिडार, और 15 जुलाई को देवभोग के गोहरापदर में भी ब्लॉक प्लांटेशन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### श्वसन एवं फेफड़ों की जांच के लिए लगाया गया शिविर

**नवापारा-राजिम।** शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. केआर सिन्हा के विशेष प्रयास से श्वसन एवं फेफड़ों की जांच के लिए शिविर लगाया गया। शिविर में मौजूद विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा मशीन के माध्यम से फेफड़ों की मात्रा, क्षमता एवं सास मापी गई। बता दें कि वर्तमान परिवेश में लोग श्वास एवं श्वसन संबंधी रोग से ग्रसित है। प्रदूषण, धुंआ एवं सिगरेट आदि के धुएं से भी श्वसन संबंधी रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है। डॉ. सिन्हा ने बताया कि श्वसन संबंधी जांच के लिए विशेषज्ञ की देखरेख में मशीन द्वारा जांच कर परामर्श एवं इलाज किया गया। शिविर में भाजपा नेत्री योगिता सिन्हा, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, रवि साहू, हिरेंद्र पटेल, ममता साहू, तुषार साहू का विशेष सहयोग रहा।

### सावन में व्यवस्था बनाने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**राजिम।** हिंदुवादी नेता राजिम नगर पंचायत के जागरूक पार्षद तुषार कदम, विश्व हिंदु परिषद के यानेंद्र सिन्हा, पुरुषोत्तम दुबे, ऋषि तिवारी, सागर देवनानी, नन्हा धीवर ने राजिम एसडीएम को एक ज्ञापन देकर अनुरोध किया है कि 11 जुलाई से पवित्र सावन माह प्रारंभ होने जा रहा है। इस महिने में राजिम धाम के पावन त्रिवेणी संगम से जल लेकर कांवड़ यात्री भुतेश्वर नाथ, रायपुर महादेव घाट, महासमुंद सिरपुर के साथ-साथ विभिन्न शिव मंदिरों में पैदल चलते हैं। यह धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण से एक अत्यंत महत्वपूर्ण यात्रा है जो राजिम से प्रारंभ होता है। अतएव श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा के लिए राजिम के नदी घाटों में प्रकाश, स्वच्छता एवं सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की जाये। यात्रा के मार्ग में जो मांसाहार की दुकाने है उसे अन्यत्र हटाई जाए। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि हिंदुवादी नेताओं ने विधायक रोहित साहू, सीएमओ राजिम एवं नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव को दिया है।

### किसान, जवान, संविधान जनसभा की सफलता पर विधायक ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया

**मैनपुर।** राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान मे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रभारी महासचिव वेणुगोपाल, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा नेताप्रतिपक्ष चरणदास



महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित वरिष्ठ नेताओं के उपस्थिति में किसान जवान संविधान जनसभा का आयोजन हुआ जिसमें प्रदेश सहित बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र मैनपुर, गरियाबंद, छुरा, धवलपुर, इंदागांव, उरमाल, अमलीपदर,गोहरापदर देवभोग, झाखरपारा व पुरे क्षेत्र भर से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। लगातार भारी बारिश के बाद भी कार्यकर्ताओं का बड़ी संख्या में उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के सफ्ल आयोजन पर महत्वपूर्ण योगदान देने वाले वरिष्ठ नेताओं एवं समस्त कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री ध्रुव ने आगे कहा कि सुबह से हो रही लगातार बारिश के बावजूद कार्यकर्ताओं का उत्साह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कम नही हुआ। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफल बनाने में जिले के कार्यकर्ताओं ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई विधायक जनक ध्रुव ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## समस्या : ग्रामिणों ने की कलेक्टर उईके से स्ट्रीट लाइटें तत्काल चालू करने की मांग

# शाम होते ही अंधेरे में डूब रहा मैनपुर नगर बारिश के मौसम में जहरीले जीवों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले का तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर इन दिनों शाम ढलते ही घोर अंधेरे में डूब जाता है। लगातार बारिश के कारण सर्प, बिच्छू जैसे जहरीले जीवों का डर बना हुआ है, वहीं आवारा कुत्तों का आतंक भी बढ़ गया है। नगरवासी पिछले कई वर्षों से स्ट्रीट लाइटें चालू करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन स्थानीय ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

नगर के लोगों ने गरियाबंद जिला कलेक्टर बीएस उईके से तत्काल स्ट्रीट लाइटें चालू करवाने की मांग की है। बारिश के इन दिनों में शाम होते ही मैनपुर नगर के मुख्य मार्ग सहित गली-मोहल्लों में अंधेरा पसर जाता है, जिससे लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पिछले कई वर्षों से स्ट्रीट लाइटें न जलने के कारण रात के समय लोगों को नगर के भीतर आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**आवारा कुत्तों का आतंक और जहरीले जीवों का डर-** नगर में आवारा कुत्तों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है, और ये कुत्ते झुंड के झुंड गली-मोहल्लों में घूमते रहते हैं। कई लोग इन कुत्तों के काटने का शिकार भी हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त, वनांचल क्षेत्र होने के कारण लगातार हो रही बारिश से सर्प और बिच्छू जैसे जहरीले जीवों का खतरा भी बढ़ गया है। अंधेरे में इन खतरों से निपटना और भी मुश्किल हो जाता है, जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटनाएं घटने का डर बना रहता है।







### हाई-मास्ट लाइटें भी निष्क्रिय

मैनपुर नगर में लगभग 30 लाख रुपये की लागत से 05 स्थानों पर हाई-मास्ट स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थीं, जिनमें गौठान, बस स्टैंड, एसडीएम कार्यालय, लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह और हाईस्कूल के सामने शामिल हैं। दुर्भाग्यवश, ये सभी हाई-मास्ट लाइटें भी पिछले कुछ दिनों से बंद पड़ी हुई हैं, जिससे शाम होते ही मैनपुर नगर में अंधेरा छा जाता है और यह दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है।

**सरकारी उदासीनता का आलम-** कहने को तो मैनपुर खुर्द विकासखंड का सबसे बड़ा ग्राम पंचायत और तहसील मुख्यालय है, बावजूद इसके यहां निवास करने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। शाम होते ही मैनपुर नगर पर अंधेरे का साम्राज्य कायम हो जाता है। तीन-चार वर्षों से स्ट्रीट लाइटें बंद हैं, जिससे नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। यह हैरानी की बात है कि तहसील मुख्यालय होने के कारण जनपद पंचायत से लेकर तहसील स्तर के सभी बड़े अधिकारी मैनपुर में निवास करते हैं और इस समस्या से भली-भांति परिचित हैं, फिर भी नगरवासियों की बार-बार मांग के बाद भी स्ट्रीट लाइटों में सुधार नहीं किया जा रहा है। केवल शिक्षक कॉलोनी में कुछ अधिकारियों ने अपने घरों के सामने बिजली के खंभों पर स्ट्रीट लाइटें लगवाई हैं, जो रात में जलती हैं, जबकि पूरा नगर अंधेरे में डूबा रहता है।

**प्रभावित क्षेत्र और नागरिकों की मांग-** मैनपुर नगर के पटेल पारा, बजरंग चौक, मस्जिद मोहल्ला, अंबेडकर चौक, शांति नगर, जयंती नगर, कुड़कुड़ी पारा, ठाकुर देव पारा, जनपद मार्ग, अचानपुर, नदीपारा सहित मुख्य मार्ग और नगर के अधिकांश मोहल्ले-वार्डों में स्ट्रीट लाइटें बंद होने से अंधेरा छाया हुआ है। मैनपुर नगर के वरिष्ठ नागरिक थानूराम पटेल, सीताराम पटेल, वीरेंद्र श्रीवास्तव, रुद्रेश्वर साहू, त्रिभुवन पटेल, आलोक गुप्ता, महेंद्र सोनी, गेंदु यादव, जाहिद रजा, भारत और अन्य नगरवासियों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि लोगों की सुरक्षा को देखते हुए बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को तत्काल प्रभाव से प्रारंभ करवाया जाए।

## अतरमरा में सहायक शिक्षक को हटाने की मांग, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

पाण्डुका अंचल के ग्राम पंचायत अतरमरा में प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षक चिरंजीवी साहू, एलबी, को हटाने की मांग तेज हो गई है। ग्राम समिति के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम साहू, पूर्व उपसरपंच गंगा प्रसाद तिवारी और जगत राम साहू ने बीते 10 जून और 24 जून को कलेक्टर जनदर्शन और जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शिक्षक पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

- ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में मतभेद

ग्रामीणों का आरोप है कि सहायक शिक्षक चिरंजीवी साहू पढ़ाई छोड़कर बीच-बीच में कहीं भी चले जाते हैं, जिससे बच्चों का भविष्य अधर में है। उनके कार्य-व्यवहार को भी ठीक नहीं बताया जा रहा है और उन पर ग्राम के अन्य कार्यों में अधिक संलग्न रहने का आरोप है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिकायतकर्ताओं ने यह भी बताया कि शिक्षक के पिता ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष हैं, जिसका फायदा उठाकर शिक्षक स्कूल में अनुपस्थित रहते हैं और गांव में घूमते रहते हैं। उन पर स्कूल की छुट्टी से पहले निकल जाने का भी आरोप है। यह भी सामने आया है कि लगभग 4 साल पहले भी इसी शिक्षक के खिलाफ शिकायत हुई थी, लेकिन तब शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। चूंकि शिक्षक स्थानीय निवासी हैं और पिछले 12 सालों से प्राथमिक शाला अतरमरा में ही पदस्थ हैं, इसलिए इस बार ग्रामीणों ने उच्च कार्यालयों तक शिकायत करने की बात कही है। इस मामले की जांच के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक तीन-सदस्यीय टीम का गठन किया गया था, जिसमें प्रिंसिपल पाण्डुका वाय. आर. साहू, प्रधान पाठक पोंड के बालमुकुंद ठाकुर और संकुल समन्वयक डीपी द्विवेदी शामिल थे। जांच टीम ने दो दिनों तक स्कूल में जाकर पूरे स्टाफ और शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज किए हैं।

### गांव में शिक्षक को लेकर विरोध की स्थिति



हालांकि, इस मामले में गांव के जनप्रतिनिधियों के बीच मतभेद सामने आ रहा है। कुछ चुने हुए जनप्रतिनिधि शिक्षक को बचाने के लिए दौड़-धूप कर रहे हैं, जबकि गांव में शिक्षक को लेकर विरोध की स्थिति बन रही है। कई पालक खुलकर सामने नहीं आ रहे, लेकिन दबी जुबान से शिक्षक को हटाने की बात कह रहे हैं। सूत्रों की मानें तो एक सरकारी कर्मचारी भी पर्दे के पीछे से इस खेल में शामिल है, जिसने शिकायतकर्ताओं को खुद आवेदन बनाकर दिया है। कुछ छुटभैये नेता भी इस मामले में अपनी रोटी सेंकने में लगे हैं। इस संबंध में सहायक शिक्षक चिरंजीवी साहू ने स्वयं को दिव्यांग बताते हुए सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि पालक उनसे संतुष्ट हैं और उनका कार्य अच्छा है। जांच टीम के अधिकारी प्रिंसिपल वायआर साहू ने बताया कि जांच पूरी कर ली गई है और रिपोर्ट उच्च कार्यालय को सौंपी जाएगी, आगे की कार्रवाई वहीं से होगी। वहीं, ग्राम पंचायत अतरमरा की सरपंच केजा बाई सोम ने कहा कि शिक्षक को लेकर कोई परेशानी नहीं है, कुछ लोगों ने शिकायतें की हैं, जबकि अधिकांश पालक और ग्राम पंचायत उन्हें रखना चाहते हैं।

## पेड़-पौधे प्रकृति के उपहार : डॉ. साहू

### एक पेड़ मां के नाम पर धूमा में हुआ पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम तहसील के धूमा गांव में जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू की मौजूदगी में स्काउट गाइड द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर जिला स्तरीय पौधारोपण का शुभारंभ राजकीय गीत एवं स्काउट प्रार्थना के साथ हुआ। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम के माध्यम से लोगों को पेड़ लगाने की अपील की है। पेड़ पौधे प्रकृति के अनमोल उपहार है। वृक्ष के बिना जीवन असंभव है। पेड़ पौधों से हमें आक्सीजन की प्राप्ति होती है जो हमें जीवित रखने के लिए बहुत आवश्यक है। पेड़ पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण एवं संवर्धन भी जरुरी है। प्राचार्य वर्षा नेताम ने कहा कि पेड़ पौधे वातावरण को शुद्ध रखते है। वृक्ष लगाकर उनकी देखभाल करना हर इंसान की नैतिक जिम्मेदारी है। अतः हम सभी को पेड़ पौधे जरूर लगानी चाहिए। शाला विकास समिति के सदस्य वीरेंद्र वर्मा ने सभी को पेड़ पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा शाला परिसर में आंवला, पारिजात, गुलमोहर, आम, अमरुद का पौधा रोपा गया। इस अवसर पर रोमन लाल साहू,शाला विकास समिति के सदस्य ज्ञानचंद देशमुख, लुकेश्वर प्रधान, धर्मेंद्र ठाकुर, चैतन्य यदु, पूरन साहू, अंजू डेकर, दुष्यंत वर्मा, गोपेश्वरी साहू, क्रांति साहू, अशोक मानिकपुरी, आरपी यदु, स्वाति जैन, मुग्धा तिवारी, शारदा साहू, किरण शर्मा, इतिशा नागर्ची, गोपकुमार साहू, ललित गोयल, आनंद साहू, मेघनाथ साहू, सोहन साहू, पीके मारकंडे तुलसी सोनकला, लोमश साहू व स्काउट गाइड, रोवर रेंजर उपस्थित थे।

## नवापारा में नए सीएमओ ने किया कार्यभार ग्रहण...



**नवापारा-राजिम।** नगर पालिका नवापारा के सीएमओ प्रदीप मिश्रा का स्थानांतरण धमतरी हो गया है। उनके स्थान पर नए सीएमओ लवकेश पैकरा ने कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू,उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी,धीरज साहू ने बुके भेटकर स्वागत किया।

## श्रावण मास को लेकर श्री रामराज युवा संगठन सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

आगामी श्रावण मास की पावन शुरुआत से पहले श्री रामराज युवा संगठन ने धार्मिक श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर जिलाधीश एवं नगरपालिका अध्यक्ष को एक ज्ञापन सौंपा। संगठन ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री भूतेश्वर नाथ महादेव मंदिर, मरौदा तक पैदल यात्रा के दौरान आने वाली समस्याओं के निराकरण की मांग की है। ज्ञापन में संगठन ने उल्लेख किया कि श्रावण मास का शुभारंभ 11 जुलाई शुक्रवार से हो रहा है। इस पावन महीने में न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि आसपास के राज्यों से भी लाखों श्रद्धालु स्वयंभू शिवलिंग श्री भूतेश्वर नाथ के दर्शन के लिए गरियाबंद पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की यह पैदल यात्रा गरियाबंद नगर के विभिन्न पार्किंग स्थलों से प्रारंभ होकर मंदिर तक जाती है, जो धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। संगठन ने मांग की कि गरियाबंद नगर से श्री भूतेश्वर नाथ मंदिर तक के यात्रा मार्ग में स्थित मांसाहार की दुकानों को श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को पूरी तरह बंद रखा जाए, जिससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे। गौरव पथ से मंदिर तक प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने की आवश्यकता भी जताई गई है ताकि रात के समय यात्रियों को परेशानी न हो। यातायात व्यवस्था को लेकर संगठन ने कहा कि गौरव पथ मार्ग पर घरों के सामने अनावश्यक रूप से खड़े वाहनों को हटाया जाए और तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए। प्रतिवर्ष बढ़ती वाहन संख्या को देखते हुए समुचित पार्किंग व्यवस्था की भी मांग की गई है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, पेयजल, शौचालय और स्वच्छता की समुचित व्यवस्था, साथ ही मंदिर परिसर के बाहर कम से कम दो अस्थायी चिकित्सा शिविर स्थापित करने की आवश्यकता पर भी संगठन ने बल दिया। ज्ञापन सौंपते समय संगठन के प्रमुख प्रकाश सोनी, आकाश तिवारी, भानु प्रकाश सिंह राजपूत, रोमी सिन्हा, नवीन सिन्हा, आयुष सोनी, राहुल साहू समेत संगठन के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। श्री रामराज युवा संगठन ने प्रशासन से आग्रह किया है कि श्रावण मास की इस विशेष धार्मिक यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था, सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समय पर ठोस कदम उठाए जाएं।



कलेक्टर व नपा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

## नांगर व खुमरी के साथ स्वागत किसान कांग्रेस के 5000 कार्यकर्ता पहुंचे

# किसान, संविधान बचाओ रैली में उमड़ी भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी द्वारा मंगलवार को छुरा में आयोजित 'किसान, संविधान बचाओ रैली' में लगभग 30 से 35 हजार लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। इस जनसभा में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव वेणुगोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने इस अवसर पर किसानों की बदहाली पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में किसान खाद और बीज को लेकर परेशान हैं। बारिश शुरू होने के बाद किसानों को अमानक बीज दिए जा रहे हैं, और प्रदेश में डीएपी खाद की उपलब्धता नहीं है, बल्कि अमानक डीएपी प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है, जो खेती के लिए बेहद हानिकारक होगा। मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का स्वागत किसान कांग्रेस द्वारा छत्तीसगढ़ के किसानों के प्रतीक नांगर (हल) और खुमरी (पारंपरिक टोपी) पहनाकर किया गया। साथ ही, छत्तीसगढ़ के प्रतीक स्वरूप किसानी गमछा भी भेंट किया गया। उन्होंने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम में किसान कांग्रेस के पूरे 33 जिलों से लगभग 5 से 7 हजार कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रत्येक जिला और प्रदेश के पदाधिकारियों ने आयोजन से पूर्व एक बैठक कर योजना बनाई और जिला, ब्लॉक स्तर तक के किसानों को जोड़ने का सफल प्रयास किया गया।

- किसानों की समस्याओं पर कांग्रेस का सरकार पर निशाना



### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

अभिषेक मिश्रा ने जोर देकर कहा कि छत्तीसगढ़ किसानों का प्रदेश है और यहां किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने घोषणा की कि यह आंदोलन अब किसानों के घर-घर तक जाएगा और उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा दिए जा रहे अमानक खाद से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया जाएगा। अंत में, मिश्रा ने इस बरसते पानी में भी रैली में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले सभी किसान बंधुओं और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

